कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, (कक्ष- संयुक्त वन प्रबंध) वन भवन, मध्यप्रदेश
लिंक रोड नं. 02 तुलसी नगर, भोपाल-462003 ई-मेल: Apccfjfm@mp.gov.in

क्रमाक/सं.व.प्र./ब.मा.पु./2025/ 916 भोपाल, दिनांक 11/12/2025

प्रति,

आयुक्त,
जनसम्पर्क संचालनालय,
बाणगंगा, भोपाल (म.प्र.)

विषय :– मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा घोषित बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार वर्ष 2023–24 हेतु विज्ञापन प्रसारित किए जाने के संबंध में।
संदर्भ :– कार्यालयीन पत्र क्रमांक / सं.व.प्र. / ब.मा.पु. / 743 दिनांक 30 सितंबर 2025

–0–

राज्य शासन द्वारा **''बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार''** की स्थापना की गई है। इस वर्ष दिये जाने वाले पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित करने की रूपरेखा तथा अन्य विवरण से जन–साधारण को अवगत कराया जाना है। इस संबंध में पूर्व में प्रसारित विज्ञापन के द्वारा दिनांक 30.10.2025 तक प्रस्ताव चाहे गये थे, किन्तु पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये हैं, अतः अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु पुनः विज्ञापन प्रसारित किया जाना है। इस संबंध में एक विज्ञापन प्रारूप संलग्न है।

अनुरोध है कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों **विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र** से प्रकाशित होने वाले प्रमुख समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित करवाने का कष्ट करें, जिससे जन–साधारण को इसके संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। यह विज्ञापन समाचार पत्रों में **20.12.2025** के पूर्व कम से कम दो बार प्रकाशित करने का कष्ट करें, जिन समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाए, उन समाचार पत्रों की प्रतियाँ इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

11.12.25
(डॉ. बी.एस. अन्निगेरी)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व..प्र.)
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ.क्रमाक/सं.व.प्र./ब.मा.पु./2025/ 917 भोपाल, दिनांक 11/12/2025

**प्रतिलिपिः**– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित। कृपया संलग्न विज्ञापन, पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.)
मध्य प्रदेश, भोपाल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्य प्रदेश,

ए-विंग, द्वितीय तल, वन भवन, तुलसी नगर, लिंक रोड नं.-2 भोपाल

कक्षा-(संयुक्त वन प्रबंध) ई-मेल :apccfjfm@mp.gov.in, फोन नं.-0755-2524197

## बसामन मामा स्मृति वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण पुरस्कार, 2023–24

मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा **विंध्य क्षेत्र एवं मध्य प्रदेश में वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण तथा वन संवर्धन के क्षेत्र में प्रदर्शित की गई शूरवीरता, अदम्य साहस, उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान तथा मध्य प्रदेश में निजी भूमि में वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने हेतु** अशासकीय व्यक्तियों एवं शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिये दो श्रेणियों में बसामन मामा स्मृति पुरस्कार– **विन्ध्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार (वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण हेतु)** एवं **राज्य स्तरीय वन संवर्धन पुरस्कार (निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु)** हेतु नामांकन आमंत्रित किये जाते हैं। इसके तहत् निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किये जायेंगेः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **विन्ध्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार (वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण हेतु)** | | |
| | **पुरस्कार वर्ग** | | **पुरस्कार** |
| | (क) शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु | (ख) अशासकीय व्यक्तियों हेतु | |
| | 1. प्रथम पुरस्कार | 1. प्रथम पुरस्कार | रू. दो लाख तथा प्रशस्ति पत्र |
| | 2. द्वितीय पुरस्कार | 2. द्वितीय पुरस्कार | रू. एक लाख तथा प्रशस्ति पत्र |
| | 3. तृतीय पुरस्कार | 3. तृतीय पुरस्कार | रू. पचास हजार तथा प्रशस्ति पत्र |
| 2 | **राज्य स्तरीय वन संवर्धन पुरस्कार (निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु)** | | |
| | (क) राज्य के अंतर्गत – 5 हेक्टेयर से अधिक | (ख) राज्य के अंतर्गत – 5 हेक्टेयर से कम | |
| | 1. प्रथम पुरस्कार | 1. प्रथम पुरस्कार | रू. दो लाख तथा प्रशस्ति पत्र |
| | 2. द्वितीय पुरस्कार | 2. द्वितीय पुरस्कार | रू. एक लाख तथा प्रशस्ति पत्र |
| | 3. तृतीय पुरस्कार | 3. तृतीय पुरस्कार | रू. पचास हजार तथा प्रशस्ति पत्र |

पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के द्वारा दिनांक 30.10.2025 तक प्रस्ताव चाहे गये थे, किन्तु पर्याप्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः अधिक से अधिक प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु अवधि में वृद्धि की जा रही है। जो व्यक्ति एवं संस्थाएं पूर्व में पुरस्कार हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत कर चुके हैं उन्हें पुनः प्रस्ताव प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है, उनके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रस्ताव ही मान्य किये जाएंगे।

विस्तृत जानकारी तथा नामांकन पत्र का प्रारूप मध्य प्रदेश में स्थित निकटतम वनवृत्त के मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व कार्यालय या वन विभाग, मध्य प्रदेश की वेबसाईट **www.mpforest.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र के नामांकन जिला पंचायत/जनपद पंचायत की अनुशंसा सहित वन संरक्षक (क्षेत्रीय)/वन मण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व को भेजे जायें। **निर्धारित फार्म पर भरे हुए नामांकन संबंधित क्षेत्र के वन संरक्षक (क्षेत्रीय)/वन मण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय/वन्य प्राणी) एवं वन्यप्राणी शाखा के क्षेत्र संचालक टायगर रिजर्व के कार्यालय में पांच प्रतियों में दिनांक 12.01.2026 को सांयकाल 05.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं।**

11.12.25

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सं.व.प्र.)
मध्यप्रदेश, भोपाल
फोन नंबर 0755–2524197